Question Paper_SET 1
Subject: Hindi
Grade: 4
Question Code:Hindi 4_54B_1,2,3,4,5,6
Topic : किरमिच की गेंद

नीचे एक चित्रकथा दी जा रही है, इसे पढ़कर प्रश्नसंख्या 1 से 6 तक के उत्तर दीजिए-

सौजन्य - नंदन नवंबर 2004

1 **“अगर हमें बचपन से ही .... चमका सकते हैं।” - यह संवाद किसका है ?**

A. चीटू

B. दादाजी

C. नीटू

D. पड़ोसी

---

2 **चीटू-नीटू कौन-सा खेल खेल रहे थे ?**

A. क्रिकेट

B. हॉकी

C. वॉलीबॉल

D. गुल्ली डंडा

---

3 **बच्चों ने मूंछों वाले व्यक्ति का कितने रुपए का नुक़सान किया ?**

A. 20 रु.

B. 40 रु.

C. 25 रु.

D. 50 रु.

---

4 **“हर कोई अपने स्वार्थ को देखता है।” इस वाक्य का अर्थ है-**

A. सभी अपने मतलब का ही सोचते हैं।

B. हर कोई अपने-आपको देखता है।

C. देश की चिन्ता नहीं करता।

D. हर कोई अपने ही काम को देखता है।

---

5 **‘अरे ! भूत की परछाई’ इन शब्दों का यहाँ क्या अर्थ है ?**

A. राक्षस

B. जादूगर

C. शैतान

D. भूत

---

6 **‘अरे ! तुमने मेरा कितना नुक़सान किया है।’ रेखांकित शब्द का विलोम (opposite) शब्द क्या होगा ?**

A. हानि

B. फायदा

C. भुगतान

D. भला

Correct Answer (options: A,B,C,D)

1. A चीटू

2. B हॉकी

3. D 50 रूपए

4. A सभी अपने मतलब का ही सोचते हैं

5. C शैतान

6. B फ़ायदा

Question Paper_SET 1
Subject: Hindi
Grade: 4
Question Code: Hindi 4_54B_7,8,9,10,11,12
Topic : दिशा संकेत

नीचे चौराहे पर लगे दूरी-दिशा संकेत दिए जा रहे है, इन्हें ध्यान से पढ़ते हुए प्रश्न संख्या 7 से 12 तक के उत्तर दें :



7 **यह संकेत सरदार पटेल चौराहे पर लगा है, हम दक्षिण दिशा की ओर से कार में जा रहे हैं तो उदयपुर जाने के लिए हमें किस ओर मुड़ना होगा ?**

A. दाईं ओर
B. उत्तर दिशा की ओर
C. बाईं ओर
D. पश्चिम दिशा की ओर

8 **सरदार पटेल चौराहे से अहमदाबाद की दूरी कितनी है ?**

A. उनचालीस कि.मी.

B. उनचास कि.मी.

C. उनहत्तर कि.मी.

D. उन्नासी कि.मी.

---

9 **इस चौराहे से दो सौ पचपन कि.मी. की दूरी पर कौन-सा शहर है ?**

A. दिल्ली

B. अंबाजी

C. उदयपुर

D. अहमदाबाद

10 **यदि हम उदयपुर से आ रहे हैं तो दिल्ली जाने के लिए हमें कौन-सी दिशा में जाना होगा ?**

A. पश्चिम दिशा

B. दक्षिण दिशा

C. उत्तर दिशा

D. बाएँ हाथ की ओर

---

11 **यदि हम दिल्ली से आ रहे हैं तो अंबाजी जाने के लिए हमें किस ओर मुड़ना होगा ?**

A. बाएँ हाथ की ओर

B. पूर्व दिशा की ओर

C. दाएँ हाथ की ओर

D. दक्षिण दिशा की ओर

---

12 **'मैं टिकट लेता हूँ।' यह वाक्य भूतकाल में कैसे लिखा जा सकता है ?**

A. मैं टिकट ले लिया हूँ।

B. मैं टिकट लेता था।

C. मैं टिकट ले चुका हूँ।

D. मैंने टिकट लेना है।

Correct Answer (options: A,B,C,D)

7. A दाईं ओर

8. D उन्नासी किलोमीटर

9. B अम्बाजी

10. C उत्तर दिशा

11. C दायें हाथ की ओर

12. C मैं टिकट ले चुका हूँ

Question Paper_SET 1
Subject: Hindi
Grade: 4
Question Code: Hindi 4_54B_14,15,16,17,18,19
Topic : पापा जब बच्चे थे

इस कविता को पढ़ें और समझकर प्रश्न संख्या 14 से 19 तक के उत्तर दीजिए -

मेरे रिश्तेदार

दादाजी की मूंछ बड़ी है
दादीजी की चोटी छोटी।
फूफाजी दुबले - पतले हैं,
फूफी देखो कितनी मोटी।

मामीजी नाटी बच्चे सी,
लेती रहती हरदम **'वेट'**।
मामाजी का मुँह बड़ा है,
लगता जैसे **'इन्डिया गेट'**।

चाचा मेरे बहुत हैं लंबे,
लगते जैसे **बाँस का बंबू**।
ताऊजी की तोंद बड़ी है,
लगती **सरकस का तंबू**।।

अज़ब-गज़ब हाल हैं, इनके
अज़ब-गज़ब से विचार।
रहते हैं, पर बड़े प्यार से
मेरे ये सारे रिश्तेदार।

सौजन्य - किलकारी - सी.बी.टी. प्रकाशन; अपेक्षित परिवर्तन - मंजु महिमा

14 **दादाजी-दादीजी किन्हें कहते हैं ?**

A. मम्मी के माता-पिता

B. पापा के माता-पिता

C. मम्मी के दादा-दादी

D. पापा के चाचा-चाची

15 **फूफी और फूफा आपके माता-पिता के क्या लगते हैं ?**

A. पापा की बहिन और जीजा

B. पापा की मौसी और मौसा

C. मम्मी की बहिन और जीजा

D. मम्मी के चाचा और चाची

16 **इस कविता में कौन-कौन सी चीज़ें 'बड़ी' बताई हैं ? एक सही समूह बताएँ -**

A. मूंछ, चोटी, फूफी

B. मूंछ, चोटी, तोंद

C. मूंछ, मुँह, तोंद

D. फूफी, ताऊजी, दादाजी

17 **मामाजी के मुंह की तुलना किससे की गई है ?**

A. कटा हुआ अनार

B. बाँस का बंबू

C. सरकस का तंबू

D. इन्डिया गेट

18 **लंबे चाचा को किसके जैसा बताया गया है ?**

A. सरकस का तंबू

B. लकड़ी का डंडा

C. इन्डिया गेट

D. बाँस का बंबू

19 **अंग्रेजी के 'वेट' शब्द का उचित अर्थ इस कविता में क्या होगा ?**

A. तराज़ू

B. इन्तज़ार

C. वज़न

D. गीला

Correct Answer (options: A,B,C,D)

14. B पापा के माता पिता
15. A पापा की बहिन और जीजा
16. C मूंछ, मुँह, तोंद
17. D इंडिया गेट
18. D बांस का बम्बू
19. C वज़न